# I[st] Grade-I[st] Paper (GK) – 2022(17-10-22)

1. 2 पुरूष और 5 महिलाएं मिलकर किसी कार्य को 4 दिन में पूर्ण करते है जबकि 4 पुरूष और 4 महिलाएं मिलकर उसी कार्य को 3 दिन में पूर्ण करते है। तो एक महिला को अकेले उसे पूर्ण करने में कितने दिन लगेंगे?
   (1) 36 दिन
   (2) 18 दिन
   (3) 24 दिन
   (4) 20 दिन

2. किस लोक देवता का जन्म अंडुकस्मेर गांव, जिला बाड़मेर में हुआ?
   (1) पाबूजी
   (2) मल्लीनाथ जी
   (3) रामदेवजी
   (4) देवनारायण जी

3. $A, B, C, D, E$ और $F$ एक परिवार के छः सदस्य है। $B$ का/की पति/पत्नि $C$ है। $E$ की माता $F$ है और $F$ की पुत्री $D$ है। $E, A$ का बच्चा/बच्ची है और $C$ का पुत्र $A$ है। इस परिवार में दो दंपत्ति है। निम्नलिखित में से कौनसा एक सही है?
   (1) $B, E$ का दादा है।
   (2) $B, E$ की दादी है।
   (3) $C, A$ की माता है।
   (4) $E, B$ की/का पौत्र/पौत्री है।

4. निम्न में से कौनसी सैनिक छावनी राजपूताना में स्थित नहीं थी?
   (1) नसीराबाद
   (2) देवली
   (3) टोंक
   (4) एरिनपुरा

5. यदि माध्य = (3 माध्यिका – बहुलक) ×, तो × बराबर है–
   (1) $\frac{1}{2}$
   (2) 1
   (3) $\frac{3}{2}$
   (4) 2

6. निम्न में से कौनसी रचना कालीदास की नहीं है?
   (1) ऋतुसंहार
   (2) रघुवंश
   (3) मृच्छकटि्टकम्
   (4) मेघदूत

7. "एक चेरी जो एक दिन हमारे मुंह में गिरेगी।" 1851 ई. में अवध के लिए यह किसने कहा?
   (1) लॉर्ड मेयो
   (2) लॉर्ड एलगिन
   (3) लॉर्ड डलहौजी
   (4) वैलेजली


8. बारडोली सत्याग्रह का नेता कौन था?
   (1) मौलाना आजाद
   (2) मोहनदास गांधी
   (3) वल्लभ भाई पटेल
   (4) सी. राजगोपालाचारी

9. 1857 के विद्रोह के समय राजपूताना के ए.जी.जी. कौन थे?
   (1) जॉर्ज पी. लॉरेन्स
   (2) मेजर बर्टन
   (3) कर्नल होम्स
   (4) सैडलर कॉटन

10. हुमायूं कौन से ईरानी चित्रकार/कलाकार को अपने साथ भारत लाया?
   (1) आका रिजा
   (2) मीर सैय्यद अली
   (3) फर्रूख बेग
   (4) बिहजाद

11. मार्च 1948 में, किन चार राज्यों को जोड़ कर मत्स्य संघ का निर्माण किया गया?
   (1) जोधपुर, जयपुर, बीकानेर, कोटा
   (2) उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़
   (3) शाहपुरा, किशनगढ़, झालावाड़, करौली
   (4) अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली

12. एक पासे की तीन भिन्न–भिन्न स्थितियां नीचे दिखाई गई है–



1 की विपरित संख्या है–
   (1) 3
   (2) 4
   (3) 5
   (4) 6

13. यदि $27^{x-y} = 243$ और $7^{x+y} = 2401$ हो, तो $x$ और $y$ का मान है–
   (1) $x = 3, y = 2$
   (2) $x = 3, y = 1$
   (3) $x = \frac{17}{6}, y = \frac{7}{6}$

GURUKUL, Taranagar

(4) $x = \frac{7}{6}, y = \frac{17}{6}$

14. कालीबंगा का उत्खन्न कार्य कितने स्तरों में किया गया?
(1) एक
(2) तीन
(3) पाँच
(4) आठ

15. यदि किसी गोले के अर्द्धव्यास को 3 मीटर बढ़ा दिया जाए, तो उसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 1056 वर्ग मीटर बढ़ जाता है। गोले की आरंभिक त्रिज्या है–
(1) 12 मीटर
(2) 12.5 मीटर
(3) 14.5 मीटर
(4) 15 मीटर

16. 1.5 सेमी व्यास और 0.2 सेमी मोटाई वाले कुछ सिक्कों को एक समकोणीय बेलन बनाने के लिए पिघलाया जाता है, जिसकी ऊँचाई 8 सेमी और व्यास 6 सेमी है। सिक्कों की संख्या ज्ञात कीजिए–
(1) 320
(2) 640
(3) 720
(4) 840

17. 20 छात्रों ने एक तार का व्यास सेमी में निम्न प्रकार ज्ञात कीजिए।
.17,.16,.17,.17,.15,.14,.16,.17,.18,.19,.16,
.14,.17,.15,.16,.15,.16,.18,.17,.17
(1) 4
(2) 3
(3) 2
(4) 1

18. सरदार पटेल को किस देसी राज्य के विरूद्ध पुलिस कार्यवाही करनी पड़ी?
(1) भोपाल
(2) जम्मू–कश्मीर
(3) जूनागढ़
(4) हैदराबाद

19. तेजाजी की पत्नी का नाम..........था।
(1) मैणा दे
(2) नतल दे
(3) फूलम दे
(4) पेमल

20. मेवाड़ क्षेत्र का कौनसा नृत्य है जो सावन–भादो मास में 40 दिन तक किया जाता है–
(1) तेरहताली
(2) बम
(3) गींदड़
(4) गवरी

21. किस सभ्यता स्थल में उत्खन्न से चांदी के आठ पंचमार्क मुद्राएं मिली है–
(1) बालाथल
(2) गणेश्वर
(3) गिलुण्ड
(4) बैराठ

22. एक समवृत्तीय शंकु की ऊँचाई 30 सेमी है। इस शंकु के आधार के समांतर एक समतल द्वारा उच्चतम सिरे से एक छोटा शंकु काटा जाता है। यदि छोटे शंकु का आयतन दिए गए शंकु के आयतन को $\frac{1}{27}$ है, तो आधार से कितनी ऊँचाई पर शंकु काटा गया था?
(1) 10 सेमी
(2) 15 सेमी
(3) 20 सेमी
(4) 18 सेमी

23. श्रीनिवास शास्त्री, जी.के. देवधर, एन.एम. जोशी और हृदयनाथ कुंजरू किस संस्था से संबंधित थे?
(1) भारत सेवक समाज
(2) अखिल भारतीय उदार संघ
(3) हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन
(4) अनुशीलन समिति

24. निम्नलिखित संख्याओं में से सबसे बड़ी संख्या है–
$(0.8)^2, 0.45, \frac{4}{9}, \sqrt{\frac{9}{49}}$
(1) $\sqrt{\frac{9}{49}}$
(2) $\frac{4}{9}$
(3) 0.45
(4) $(0.8)^2$

25. राणा सांगा की मृत्यु के बाद कौन मेवाड़ का शासक बना?
(1) राणा रतन सिंह
(2) राण विक्रमादित्य
(3) राणा राज सिंह
(4) राणा उदय सिंह

26. 'प्र' उपसर्ग से रहित शब्द है–
(1) अप्रकाशित
(2) प्रीति
(3) प्रेक्षक
(4) प्रारंभ

GURUKUL, Taranagar

27. किस शब्द से एक से अधिक बार संधि प्रयुक्त हुई है?
(1) सद्गति
(2) अत्याचार
(3) अधिकाधिक
(4) प्रोत्साहन

28. किस विकल्प में 'परष–पुरुष' शब्द–युग्म का अर्थ–भद सही नहीं है?
(1) कर्णकटु–मनुष्य
(2) ठोस–ईश्वर
(3) श्रेष्ठ – नाप–तोल
(4) रूखा–आत्मा

29. अंग्रेजी के किस पारिभाषिक शब्द का समानर्थक हिंदी शब्द सही नहीं है?
(1) *Rehabilitation* – पुनर्वास
(2) *Temperamental* –कलहप्रिय
(3) *Title* –उपाधि
(4) *Periphery* –परिधि

30. व्याकरणिक दृष्टि से अशुद्ध वाक्य है–
(1) वह जानते है कि ऐसा हो सकता है।
(2) मैं आपकी ही प्रतीक्षा कर रहा था।
(3) सभी छात्रों में सोहन श्रेष्ठ है।
(4) सभा में सभी वर्गो के लोग उपस्थित थे।

31. Pick the correct connective to fill in the blank space.
He doesn't behave well……….he hopes to get votes.
(1) In fact
(2) Else
(3) Nevertheless
(4) So

32. Choose the correct indirect sentence for the following direct sentence-
She said, "Who's the best player?"
(1) She said who is the best player.
(2) She asked me who was the best player.
(3) She asked if he was the best player.
(4) She told who is the best player.

33. Choose the correct passive sentence for-
People consider that he got more than what he deseryed.
(1) People consider that people get more than what they deserve.
(2) It was considered that he had get more than what he deserved.
(3) It was considered that he got more than what he desereved.
(4) People consider that he had got more than what he deserved.

Ans. – (*)

34. Choose the word which does not have the same suffix as the remaining three-
(1) ham
(2) colour
(3) noise
(4) thank

35. Choose the correct tense form for the blanks-
How long……..you wearing glasses?
(1) are
(2) has you been
(3) have you been
(4) had

36. कार्बन के निम्नलिखित यौगिकों में से किसका गलनांक अधिकतम है?
(1) मीथेन
(2) क्लोरोफॉर्म
(3) इथेनॉल
(4) ऐसिटिक अम्ल

37. भारतीय सेना के हाल में किस देश की सेना के साथ राजस्थान में अपना संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अल–नजह' आयोजित किया है?
(1) सऊदी अरब
(2) कतर
(3) तुर्कमेनिस्तान
(4) ओमान

38. कार्बन डाइऑक्साइड में कार्बन और ऑक्सीजन के द्रव्यमान का अनुपात है–
(1) 1 : 2
(2) 2 : 1
(3) 3 : 8
(4) 6 : 8

39. विभिन्न लोकसभाओं में पद ग्रहण करने वाले वक्ताओं के नाम के अनुक्रम को ठीक करें–
(1) रबी रे– बली राम भगत – के. एस. हेगड़े – सरदार हुकुम सिंह
(2) के. एस. हेगड़े – रबी रे– सरदार हुकुम सिंह – बली राम भगत

GURUKUL, Taranagar

(3) सरदार हुकुम सिंह – बली राम भगत – के. एस. हेगड़े – रबी रे
(4) बली राम भगत – के. एस. हेगड़े – रबी रे – सरदार हुकुम सिंह

40. आर. टी. ई. अधिनियम 2009, की कौन सी धारा यह कहती है कि, ''प्रत्येक माता–पिता या संरक्षक का यह कर्त्तव्य होगा कि वह आस–पास के विद्यालय में कोई प्रारंभिक शिक्षा के लिए अपने यथास्थिति बालक या प्रतिपाल्य का प्रवेश कराए या पवेश दिलाए''?
(1) 6
(2) 9
(3) 10
(4) 8

41. मोठ–बाजरा किस प्रकार की फसलें है–
(1) खरीफ
(2) रबी
(3) जायेद
(4) नकद

42. राज्य के तपेदिक (टीबी) रोगियों को वित्तीय, पोषण, और शैक्षिक सहायता करने के लिए राजस्थान सरकार ने निम्नलिखित में से कौनसी योजना शुरू की है?
(1) राजस्थान टीबी संबल योजना
(2) राजस्थान निक्षय संबल योजना
(3) टीबी भगाओ, राजस्थान बचाओ
(4) राजस्थान टीबी निदान योजना

43. पशु–गणना – 2019 के अनुसार, राजस्थान की कुल पशुधन जनसंख्या है–
(1) 468.01 लाख
(2) 568.01 लाख
(3) 668.01 लाख
(4) 768.01 लाख

44. जुलाई 2022 में, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित 18वें अखिल भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान निम्नलिखित में से कौनसा मोबाइल एप लॉन्च किया गया?
(1) न्याय रो साथी
(2) न्याय मेरे द्वार
(3) सबका न्याय सबका विकास
(4) न्याय का साथ

45. कौनसी कक्षाओं के पाठ्यपुस्तक के मुद्रण एवं वितरण का कार्य राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल द्वारा किया जात है?
(1) कक्षा 1 से 8
(2) कक्षा 1 से 12
(3) कक्षा 1 से 5
(4) कक्षा 6 से 8

46. निम्नलिखित में से कौनसा पर्यावरण की रक्षा के लिए उल्लेखित पांच '*R*' में से एक है–
(1) रिफाइन
(2) रिफ्यूज
(3) रिपे
(4) रिचार्ज

47. सूची –*I* का मिलान सूची–*II* से कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| | सूची–*I* | | सूची–*II* |
|---|---|---|---|
| A | वित्त आयोग | *i.* | 1964 |
| B | विधि आयोग | *ii.* | 1950 |
| C | सतर्कता आयोग | *iii.* | 1955 |
| D | योजना आयोग | *iv.* | 1951 |

कूट–

| | *A* | *B* | *C* | *D* |
|---|---|---|---|---|
| (1) | *iii* | *ii* | *i* | *iv* |
| (2) | *ii* | *iii* | *i* | *iv* |
| (3) | *iv* | *i* | *ii* | *iii* |
| (4) | *iv* | *iii* | *i* | *ii* |

48. राजस्थान, देश में कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। देश में राज्य का कुल कच्चे तेल का उत्पादन कितना है?
(1) 20% से अधिक
(2) 30% से अधिक
(3) 10% से अधिक
(4) 15% से अधिक

49. इन्वेस्ट राजस्थान 2022 सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया?
(1) कोटा
(2) जयपुर
(3) अलवर
(4) जोधपुर

50. निम्नलिखित में से कौन सी प्रबंधन की विशेषता है?
(*a*) लक्ष्यपरक
(*b*) सार्वभौमिक
(*c*) सामाजिक प्रक्रिया
(*d*) सत्तात्मक व्यवस्था

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें–
(1) (*a*) एवं (*b*)
(2) (*c*) एवं (*d*)
(3) (*a*), (*b*) एवं (*c*)
(4) (*a*), (*b*), (*c*) एवं (*d*)

GURUKUL, Taranagar

51. किस संविधान संशोधन ने यह निश्चित किया कि प्रधानमंत्री को मिलाकर, मंत्रियों की कुल संख्या लोकसभा सदस्यों की कुल संख्या की 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती है?
(1) 89वां संविधान संशोधन
(2) 90वां संविधान संशोधन
(3) 91वां संविधान संशोधन
(4) 92वां संविधान संशोधन

52. राजगढ़ (अजमेर) एवं देवगढ़ (उदयपुर) किसके निक्षेपों के लिए जाने जाते है?
(1) पन्ना
(2) गार्नेट/तामड़ा
(3) हीरा
(4) पुखराज

53. निम्नलिखित में कौनसी योजना "समग्र शिक्षा अभियान" के अन्तर्गत आवृत नहीं है?
(1) सर्व शिक्षा अभियान
(2) राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
(3) शिक्षक शिक्षा
(4) व्यावसायिक शिक्षा

54. राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?
(1) राष्ट्रपति द्वारा वित्तीय आपातकाल तब घोषित किया जा सकता है जब भारत या उसके क्षेत्र के किसी भाग की वित्तीय स्थिरता या साख खतरे में हो।
(2) वित्तीय आपातकाल के दौरान राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित किया जा सकता है।
(3) वित्तीय आपातकाल के दौरान राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित किया जा सकता है।
(4) वित्तीय आपातकाल की घोषणा समान्यतः दो माह की अवधि के लिए प्रभावी रहती है।

55. राजस्थान सरकार द्वारा किस वर्ष "राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल" की स्थापना की गई?
(1) 1994
(2) 2004
(3) 2005
(4) 1995

56. निम्नलिखित में से कौनसा हार्मोन अग्नाशय द्वारा स्त्रावित नहीं किया जाना?
(1) ग्लूकागॉन
(2) इन्सुलिन
(3) रिलेक्सिन
(4) सोमेटोस्टेटिन

57. ग्रामीण गौरव पथ फ्लैगशिप योजना का उद्देश्य ..............................निर्माण करना है।
(1) प्रत्येक गांव में पक्की सड़कों का
(2) ग्राम पंचायत मुख्यालय में सीमेंट कंक्रीट की सड़कों का
(3) प्रत्येक गांव में अधिक राष्ट्रीय मार्गों का
(4) कच्ची सड़कों को पक्की सड़कों में बदलने का

58. राजस्थान सरकार ने किस जिले में एक पैरा–स्पोर्ट्स अकादमी स्थापित करने का निर्णय लिया है?
(1) बीकानेर
(2) अजमेर
(3) जयपुर
(4) जोधपुर

59. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने किस ठोस रॉकेट बूस्टर का स्थैतिक परीक्षण सफलतापूर्वक किया है, जो कि भू–तुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान एम.के.*III* के एस 200 रॉकेट बूस्टर का मान–रेटेड संस्करण है?
(1) एच. एस. 200
(2) एल.एस. 200
(3) एन.एस. 400
(4) के.एस. 400

60. निम्नलिखित में से कौन सा एक शैक्षिक प्रबन्ध का मुख्य तत्व नहीं है –
(1) नियोजन
(2) संगठन
(3) समन्वय
(4) ध्रुवीकरण

61. कौनसी दिनांक एवं वर्ष को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू किया गया?
(1) 19 फरवरी, 2010
(2) 16 फरवरी, 2010
(3) 1 मार्च, 2010
(4) 1 अप्रैल, 2010

GURUKUL, Taranagar

62. निम्नलिखित मे से कौनसी नदियों का उद्गम राजस्थान में नहीं हुआ है?
($a$) चम्बी
($b$) पश्चिमी बनास
($c$) माही
($d$) साबरमती
(1) $A, B$ एवं $C$
(2) $A, C$ एवं $D$
(3) $A$ एवं $C$
(4) $A, B$ एवं $D$

63. संविधान के अनुच्छेद 5 के तहत भारत में "प्रत्येक व्यक्ति" को नागरिकता देने के संबंध में निम्नलिखत में से कौनसा कथन सही है?
($a$) 'प्रत्येक व्यक्ति' का अर्थ है जो भारत के क्षेत्र में पैदा हुआ था।
($b$) जिनके माता–पिता में से कोई भी भारत के राज्य क्षेत्र में पैदा हुआ था।
($c$) "प्रत्येक व्यक्ति" की अभिव्यक्ति में "कैदी" और "सशस्त्र बलों के सदस्य" शामिल है, जैसा कि भारत के संविधान के अन्य प्रावधानों द्वारा आवश्यक है।
($d$) इनमें से कोई नहीं
कूटः–
(1) केवल $A$ सही है।
(2) केवल $A$ और $B$ सही है।
(3) केवल $A, B$ और $C$ सही है।
(4) केवल $D$ सही है

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–
$A$. भारत ने बीजिंग में आयोजित शीतकालीन ओलम्पिक 2022 का राजनयिक बहिष्कार किया था।
$B$. भारत के साथ गलवान घाटी संघर्ष में शामिल एक चीनी सैनिक को ओलम्पिक मसाल वाहक के रूप में चुनने के विरोध में ऐसा किया गया था।
सही विकल्प चुने–
(1) $A$
(2) $B$
(3) $A$ और $B$
(4) कोई भी नहीं

65. आर.एस.सी.ई.आर.टी. का निर्माण अनुभाव डाईट फैकल्टी के लिए सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करता है?
(1) शैक्षिक आयोजन एवं प्रशान अनुभाग
(2) शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रसार सेवा अनुभाग
(3) शिक्षक शिक्षा अनुभाग
(4) शैक्षिक प्रौद्योगिकी अनुभाग

66. राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम ने राजस्थान में 10,000 मेगावॉट क्षमता का मेगा अक्षय ऊर्जा पार्क विकसित करने कि लिए निम्नलिखित में से किस संगठन के साथ समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर पर है?
(1) पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया
(2) टिहरी हाइड्री डवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(3) टाटा हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी
(4) अडानी थर्मल पावर लिमिटेड

67. निम्नलिखित में से कौन सी एक अच्छे नेतृत्व की विशेषता नहीं है?
(1) यह लक्ष्यों के निर्धारण एवं प्राप्ति से संम्बंधित है।
(2) यह समूह में अन्तःक्रिया, समूह परिचर्चा, पारस्परिक सहयोग के माध्यम से सदस्यों के प्रयासों को नियन्त्रित एवं निर्देशित एवं परामर्श देती है।
(3) यह उच्च प्रत्ययकारी एवं उच्च नियंत्रणकारी है।
(4) यह साधारण समस्या में उत्पन्न परिस्थिति में क्रियाशील होती है। यह शून्यता में कार्य नहीं करती।

68. निम्नलिखित में से कौनसा तथ्य राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति– 2022 का हिस्सा नहीं है?
(1) आवेदन के 15 दिनों के भीतर सभी मंजूरी और अनुमति प्राप्त करने के लिए एक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र।
(2) राजस्थान पर्यटन विकास निगम और राजस्थान राज्य होटल निगम की संपत्तियों में आवास पर 30 प्रतिशत की छूट।
(3) नीति के निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाली परियोजनाओं के लिए 2 करोड़ रू. तक का अनुदान
(4) फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान की एक शाखा राजस्थान में खोलने के लिए राज्य

GURUKUL, Taranagar

सरकार, भारत सरकार के साथ समन्वय स्थापित करेगी।

69. निम्नलिखित में से राजस्थान में कौन से टाइगर रिजर्व है?

($A$) सरिस्का

($B$) रामगढ़ विषधारी

($C$) रणथम्भौर

($D$) मुकुन्दरा

(1) $A, B, C$ एवं $D$

(2) $A, B, C$

(3) $B, C, D$

(4) $A, C, D$

70. राजस्थान सरकार ने शहरी क्षेत्र में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को प्रतिवर्ष 100 दिन का रोजगार प्रदान करने के लिए कौनसी योजना आरंभ की है?

(1) सरदार पटेल शहरी रोजगार योजना

(2) महात्मा गांधी शहरी रोजगार योजना

(3) हरिदेव जोशी शहरी रोजगार योजना

(4) इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना

71. 40 किग्रा. द्रव्यमान वाली एक लड़की $6m/s$ के क्षैतिज वेग से घर्षणरहित पहियों वाली स्थिर गाडी पर कूदती है। यदि गाडी का द्रव्यमान 4 किग्रा. है, तो निकाय का अंतिम वेग होग, (क्षैतिज दिशा में कोई बाह्य बल कार्यरत नहीं है)–

(1) $6m/s$

(2) $4m/s$

(3) $5.25m/s$

(4) $5.45m/s$

72. घोड़े की नाल की आकृति वाली रामगढ़ पहाडी राजस्थान में कहां स्थित है–

(1) मुकन्दरा की पहाड़ियों में

(2) शाहाबाद उच्च भूमि में

(3) डग–गंगाधर की पहाड़ियों में

(4) गोडवार प्रदेश में

73. राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अन्तर्गत चल रहे ''शिक्षा समग्र अभिया'' की गवर्निंग काउंसिल में किस विश्वविद्यालय के कुलपति को सदस्य बनाया गया है?

(1) इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

(2) शैक्षिक योजना एवं प्रशासन राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

(3) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

(4) दिल्ली विश्वविद्यालय

74. किस राज्य के स्त्री निधि क्रेडिट को–ऑपरेटिव फेडरेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एम. ओ.यू.) के बाद राजस्थान में सहकारी क्षेत्र में पहला महिला संचालित वित्तीय संस्थान स्थापित किया जा रहा है?

(1) केरल

(2) तेलंगाना

(3) झारखण्ड

(4) मध्यप्रदेश

75. 2011 की जनगणना के अनुसार, सर्वाधक साक्षर जनसंख्या निम्नलिखित में से किन जिलों में पायी जाती है।

(1) जयपुर, अलवर, जोधपुर

(2) जयपुर, कोटा, जोधपुर

(3) जयपुर, झुंझुनू, कोटा

(4) कोटा, जयपुर, बीकानेर

GURUKUL, Taranagar